# ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर की कोर्ट की आलोचना

## ट्रंप ने उनके फैसले को पलटने को लेकर उच्चतम न्यायालय की कड़ी आलोचना की



**वाशिंगटन, 16 मार्च. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एश्रिम एशिया में जारी जंग के बीच सोमवार को विभिन्न देशों पर आयात शुल्क लगाने के उनके फैसले को पलटने को लेकर उच्चतम न्यायालय की कड़ी आलोचना की।**

गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने टैरिफ लगाने के श्री ट्रम्प के निर्णय को असंवैधानिक करार देते हुए उसे पलट दिया गया था और इससे प्रभावित होने वाले देशों और कंपनियों को खरबों डॉलर दिए जाएंगे। श्री ट्रंप ने कहा है कि उन्हें किसी अन्य रूप में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है। उन्होंने कहा कि टैरिफ लगाने का निर्णय उनके लिए सबसे अधिक मायने रखता था। उन्होंने कहा कि न्यायालय को पता था कि वह अमेरिका के लिए इसे कितनी शिद्दत से चाहते थे। इसके बजाय न्यायालय ने संभावित रूप से उन देशों और कंपनियों को खरबों डॉलर देने का फैसला किया, जो दशकों से अमेरिका का फायदा उठा रहे हैं। श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने इन देशों को बहुत खुश कर दिया है।

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का 17वां दिन है। इस बीच जापान और ऑस्ट्रेलिया ने होर्मुज स्ट्रेट में वॉरशिप भेजने से साफ मना कर दिया है। जापान की प्रधानमंत्री सना ताकाइची ने संसद में कहा है कि टोक्यो का होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले तेल टैंकरों की सुरक्षा के लिए नौसेना भेजने को लेकर कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने एस्कॉर्ट जहाज भेजने को लेकर कोई फैसला नहीं किया है। जापान में हाल में वहां सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी हुआ था .अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग में रक्षा क्षेत्र में ढील देने के लिए , फिर ऐसे में जापान की पीएम साने ताकाइची बयान अहम माना जा रहा है। जापान अपनी क्रूड ऑयल का लगभग 90 प्रतिशत और एलएनजी का 11 प्रतिशत इस रूट से ले जाता है।

निर्वासित ईरानी क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने दुनिया भर में ईरानियों से विरोध प्रदर्शन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह होने वाले स्प्रिंग फेस्टिवल से पहले लोग प्रदर्शन करें। अमेरिका में रहने वाले पहलवी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं विदेशों में रहने वाले सभी ईरानियों से अपील करता हूं कि वे चारशनबे सूरी (ईरानी त्यौहार, 20-21 मार्च को मनाया जाता है) के दिन दुनिया भर में शासन की दूतावासों के सामने इकट्ठा हों और एक आवाज में कहें कि ईरानी राष्ट्र तब तक शांत नहीं बैठेगा जब तक ईरान आजाद नहीं हो जाता।

### एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने दुबई की उड़ानें की रद्द

**नई दिल्ली, 16 मार्च।** दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को ड्रोन हमले की एक घटना के कारण हवाई अड्डे से उड़ान संचालन को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। इस व्यवधान के कारण, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस को दुबई से आने-जाने वाली अपनी सभी उड़ानें आज के लिए रद्द करनी पड़ी। विमान कंपनियों ने कहा है कि प्रभावित यात्रियों को या तो अपनी यात्रा बाद की तारीख के लिए दोबारा बुक करने या अपने टिकट रद्द करने और बिना किसी अतिरिक्त लागत के पूरा रिफंड प्राप्त करने का विकल्प दिया जाएगा।

# ई-कार्गो साइकिल से आसान होगा सफर

## इलेक्ट्रिक कार्गो साइकिल से ग्रामीण आजीविका को मिलेगा बढ़ावा





**नई दिल्ली, 16 मार्च. ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसर पैदा करने तथा पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में इलेक्ट्रिक कार्गो साइकिलों की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई.**

विशेषज्ञों का मानना है कि इलेक्ट्रिक कार्गो साइकिलों तक बेहतर पहुंच शारीरिक श्रम को कम करने के साथ-साथ बाजारों और आवश्यक सेवाओं तक पहुंच को आसान बना सकती है. इससे खासतौर पर महिलाओं के नेतृत्व वाली आजीविका गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिल सकता है.

कार्यक्रम के दौरान तीन विषयगत पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं. पहले पैनल में भारत के इलेक्ट्रिक साइकिल इकोसिस्टम के विस्तार की संभावनाओं पर विचार किया गया.

इसमें विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, मांग सृजन करने और ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा नेटवर्क विकसित करने जैसे मुद्दों पर जोर दिया गया. दूसरे पैनल में विभिन्न मंत्रालयों के बीच बेहतर नीतिगत समन्वय की आवश्यकता पर चर्चा हुई, ताकि किफायती और विश्वसनीय इलेक्ट्रिक माइक्रोमोबिलिटी समाधानों को बढ़ावा दिया जा सके. वक्ताओं ने कहा कि समन्वित नीति ढांचा इस क्षेत्र के विकास को तेज कर सकता है. तीसरे पैनल में ग्रामीण आजीविका, जलवायु कार्रवाई और टिकाऊ ग्रामीण परिवर्तन में इलेक्ट्रिक साइकिलों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया.

### एक नजर में



### ईरान में भारतीयों को सख्त चेतावनी, बॉर्डर न पार करें

**नई दिल्ली, 16 मार्च।** ईरान में जारी सैन्य तनाव के बीच तेहरान स्थित एम्बेसी ऑफ इंडिया, तेहरान ने वहां रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए सख्त एडवाइजरी जारी की है। दूतावास ने स्पष्ट कहा है कि भारतीय नागरिक बिना दूतावास से संपर्क किए या समन्वय किए ईरान की किसी भी जमीनी सीमा के पास न जाएं और उसे पार करने की कोशिश भी न करें। दूतावास ने यह सलाह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए 9 मार्च को जारी एडवाइजरी को दोहराया है। इसमें कहा गया है कि मौजूदा हालात को देखते हुए बिना आधिकारिक मार्गदर्शन के सीमा पार करने की कोशिश करने पर भारतीय नागरिकों को गंभीर लॉजिस्टिकल और इमिग्रेशन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। दूतावास ने यह भी बताया कि वह ईरान में मौजूद भारतीय समुदाय के साथ लगातार संपर्क में है और जरूरत के अनुसार सहायता के इंतजाम किए जा रहे हैं।

### आर्मेनिया ने 550 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकालने में मदद की

**नई दिल्ली, 16 मार्च.** आर्मेनिया ने ईरान में फंसे 550 से अधिक भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में भारत की मदद की है। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने सोमवार को ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में सहयोग के लिए आर्मेनिया सरकार और वहां के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी की सुविधा प्रदान करने के लिए आर्मेनिया की सरकार और लोगों को धन्यवाद। इन चुनौतीपूर्ण समय में उनके समर्थन की सराहना करता हूं। छात्रों, तीर्थयात्रियों और व्यवसायियों सहित भारतीय नागरिक ईरान के विभिन्न शहरों से सड़क मार्ग के जरिए सीमा पार कर आर्मेनिया पहुँच रहे हैं।

### बंगाल में ईडी ने 10 लोकेशन पर मारा छापा

**कोलकाता, , 16 मार्च.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को चुनाव वाले राज्य पश्चिम बंगाल में कई जगहों पर छापे मारे . ये छापे एक अवैध कॉल सेंटर के कामकाज की जांच के सिलसिले में मारे गए. सिलीगुड़ी, हावड़ा, बिधाननगर और दुर्गापुर में करीब 10 जगहों पर छापे मारे गए. एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि यह जांच एक अवैध कॉल सेंटर की गतिविधियों से जुड़ी है. जिन लोगों की तलाश की जा रही है, उनमें सुराश्री कर, सम्राट घोष और सुभाजीत चक्रवर्ती के अलावा कुछ अन्य लोग भी शामिल हैं . अधिकारियों ने बताया कि जिन कॉल सेंटरों पर जांच चल रही है, उनके जरिए कई लोगों को ठगा गया है.

# एलआईसी ने दी एंबुलेंस की सौगात

**▸ आर्शीवाद फाउंडेशन ऑफ इंडिया को मिला सहयोग**




**नई दिल्ली, 16 मार्च। भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा समाज के उत्थान एवं मानसिक एंव शारिरिक रूप से दिव्यांग बच्चों के स्वास्थय को ध्यान में रखते हुए आर्शीवाद फाउंडेशन ऑफ इंडिया को एक एंबुलेंस प्रदान की है जिसका भव्य उद्घाटन श्री जे. पी. एस. बजाज (जोनल मैनेजर )ने अपने सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जीवन भारती बिल्डिंग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में किया।**

अर्शीवाद फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डा. आर. सी. शुक्ला ने आए हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं विशेष रूप से स्वामी ग्यानेंन्द्र जी महाराज का आभार प्रकट करते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम के समस्त अधिकारियों का धन्यवाद किया एवं भविष्य में भारतीय जीवन बीमा निगम से अतिरिक्त सहयोग का निवेदन किया। इस भव्य कार्यक्रम की शुरूआत महाराज जी के द्वारा मंत्रोचारण से हुई जिसके पश्चात उन्होंने आए हुए समस्त आर्शीवाद फाउंडेशन एवं भारतीय जीवन बीमा निगम के लोगों को अपने आर्शीवचन से सिंचित किया।

### आज का इतिहास

763 अब्बासी खलीफा हारून-अल-रशीद का जन्म।
1406 अरब इतिहासकार, समाजशास्त्री इब्ने खल्दून का जन्म।
1521 फर्डिनेंड मैगेलन फिलीपींस पहुंचे।
1769 ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के कपड़ा उद्योग को बर्बाद करने बुनकरों पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए।
1845 लंदन के स्टीफन पेरी ने रबर बैंड का पेटेंट कराया।
1861 इटली का एकीकरण पूरा हुआ और विक्टर इमैनुएल द्वितीय इटली के राजा बने।
1866- आगरा उच्च न्यायालय (जो अब इलाहाबाद उच्च न्यायालय है) की स्थापना
1920- बांग्लादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीब-उर-रहमान का जन्म।

# आईसीयू में लगी भीषण अग्निकांड से मैं अत्यंत व्यथित हूं : राहुल


**▸ खरगे ने आग लगने की घटना पर दुख व्यक्त किया**



**नई दिल्ली, 16 मार्च। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ओडिशा में कटक के मेडिकल कॉलेज में आग लगने से मरीजों की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।**

श्री खरगे ने अपने शोक संदेश में कहा कि ओडिशा के कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ट्रॉमा केयर आईसीयू में लगी भीषण अग्निकांड से मैं अत्यंत व्यथित हूं। इस घटना में कम से कम 10 मरीजों की मृत्यु हो गई और कई अन्य घायल हो गए। दुख की इस घड़ी में मैं सभी पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। श्री गांधी ने लिखा, ओडिशा के कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में आग लगने की दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। सभी शोकसंतप्त परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। गौरतलब है कि कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में आग लगने की घटना में आज सुबह कई मरीजों की जान जाने की खबर है।

# स्मार्टफोन का अधिक प्रयोग बच्चों के लिए खतरनाक : योगी



**जालोर/लखनऊ, 16 मार्च. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छोटी उम्र के बच्चों को रोने या नाराज़ होने देना बेहतर है, लेकिन उन्हें स्मार्टफोन देना उचित नहीं है। स्मार्टफोन का अत्यधिक प्रयोग समय की बर्बादी के साथ-साथ आंखों को नुकसान पहुंचाने के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर डालता है और यह डिप्रेशन जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है।**

मुख्यमंत्री सोमवार को जालौर में स्थित श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर (सिरे मंदिर) के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन के कई गेम बच्चों और युवाओं को नकारात्मक दिशा की ओर ले जा रहे हैं। यदि बच्चे इसी समय को अच्छी पुस्तकों के अध्ययन, योग और व्यायाम में लगाएं तो उनका जीवन अधिक व्यवस्थित और सकारात्मक बन सकता है।

# पिछले विधानसभा चुनाव के दलीय स्थिति

**नई दिल्ली, 16 मार्च. देश के पांच अहम राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सियासी सरगर्मी तेज हो गई है. इस बार चुनावी मुकाबला पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में होने जा रहा है, जहां अलग-अलग राजनीतिक समीकरण देखने को मिल रहे हैं.**

चुनाव आयोग के कार्यक्रम के मुताबिक पहले चरण में 9 अप्रैल को केरल और असम में मतदान होगा, जबकि पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को दूसरे चरण में वोट डाले जाएंगे. वहीं तमिलनाडु में अंतिम चरण में मतदान होना तय है. ऐसे में ये जानना काफी दिलचस्प होगा कि कौन पार्टी अहम भूमिका निभा सकती है. विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय दलों की क्या रहने वाली है.

### भाजपा का विस्फोटक प्रदर्शन-

20 में केवल 3 विधानसभा सीटें जीतने वाली भाजपा ने 2019 में 121 लोकसभा सीटें जीतकर लगभग 40.7प्रतिशत वोट शेयर हासिल किया। यह राज्य में भाजपा की अब तक की सबसे बड़ी छलांग मानी जा रही है। टीएमसी की स्थिरता, लेकिन सीटों में गिरावट- तृणमूल कांग्रेस का वोट शेयर मामूली गिरा (44.91प्रतिशत से 43.3प्रतिशत) । जबकि सीटों में कमी देखी गई, टीएमसी अभी भी राज्य में प्रमुख दल है। कांग्रेस और वाम मोर्चा का पतन-कांग्रेस का वोट शेयर 12.25प्रतिशत से घटकर 5.67प्रतिशत हुआ और सीटों में भी 35 सीटों की गिरावट दर्ज की गई। वाम मोर्चा पूरी तरह बाहर हो गया और अब कोई भी सीट नहीं जीत पाया।

### पश्चिम बंगाल 2021

| | |
|---|---|
| भाजपा | 77 |
| कांग्रेस | 00 |
| टीएमसी | 213 |
| वाम मोर्चा | 00 |
| अन्य | 2 |

### तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2021

कुल सीटें-234

| | |
|---|---|
| डीएम. के. | 133 |
| एआईएडीएमके | 66 |
| इंडियन नेशनल कांग्रेस - | 18 |
| भाजपा - | 4 |
| पीएमके- | 5 |
| अन्य - | 8 |
| कुल सीटें | 234 |

### असम चुनाव 2021

| | |
|---|---|
| कुल सीटें- | 126 |
| बीजेपी - | 60 |
| एजीपी - | 9, |
| यूपीपीएल - | 6 |
| आईएनसी - | 29, |
| एआईयूडीएफ - | 16, |
| बीपीएफ | 4, |
| सीपीआई(एम) - | 1 |
| अन्य - | 12 |

### पुडुचेरी विधानसभा चुनाव 2021

| | |
|---|---|
| एआईएनआरसी - | 10 |
| डीएमके - | 6 |
| बीजेपी - | 6 |
| आईएनसी - | 2 |
| आई एन डी - | 6 |
| कुल सीटें: | 30 |

### केरल चुनाव 2021

| | |
|---|---|
| कुल सीटें: | 140 |
| एलडीएफ | 94 |
| सीपीआई(एम)- | 62 |
| सीपीआई - | 17 |
| IUML - | 15 |
| यूडीएफ | 21 |
| कांग्रेस - | 21 |
| आई एन डी - | 6 |
| अन्य - | 19 |

### रूसी वायु रक्षा ने रात भर में मार गिराए 145 यूक्रेनी ड्रोन

**मॉस्को, 16 मार्च.** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में देश के विभिन्न क्षेत्रों में यूक्रेन के 145 ड्रोन मार गिराये हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, पिछली रात के दौरान ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने विमान-प्रकार के 145 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को रोका और नष्ट कर दिया।

# 'जिंदा हूं तो मोदी-शाह की वजह से' : नुपुर



**नई दिल्ली, 16 मार्च।** बीजेपी की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा ने चार साल बाद अपने जीवन के सबसे कठिन दौर का जिक्र करते हुए भावुक बयान दिया है। दिल्ली में सेवा भारती के एक महिला सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि 2022 में दिए गए विवादित बयान के बाद उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल गई। उन्होंने बताया कि लगातार मिल रही जान से मारने की धमकियों के कारण उन्हें लंबे समय से कड़ी सुरक्षा के बीच रहना पड़ रहा है। नुपुर शर्मा ने कहा कि अगर आज वह सुरक्षित और जीवित हैं तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को जाता है। उनके मुताबिक बीते चार वर्षों में उन्होंने सामान्य जीवन लगभग खो दिया है और सुरक्षा कारणों से सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी बहुत कम हिस्सा ले पाई हैं। दरअसल जून 2022 में एक टीवी डिबेट के दौरान पैगंबर मोहम्मद को लेकर दिए गए बयान के बाद देश-विदेश में बड़ा विवाद खड़ा हो गया था। इसके बाद उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया गया और कई जगह विरोध प्रदर्शन भी हुए। उसी समय से उन्हें लगातार सुरक्षा दी जा रही है।

**अनुमान** ▸ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा-

# बागवानी से किसानों की बढ़ रही आमदनी



**नई दिल्ली, 16 मार्च. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने और बागवानी को मजबूत बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।**

इसी कड़ी में, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंजूरी के बाद कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने वर्ष 2024-25 के अंतिम और 2025-26 के प्रथम अग्रिम बागवानी अनुमान जारी किए हैं, जिनसे साफ संकेत मिलता है कि देश में फलों, सब्जियों, मसालों, फूलों और औषधीय पौधों की खेती और उत्पादन पहले से काफी ज्यादा बढ़ गए हैं।

बागवानी में नई ऊँचाइयाँ, क्षेत्रफल और उत्पादन दोनों बढ़े केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह द्वारा स्वीकृति के बाद सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में कुल बागवानी फसलों का क्षेत्रफल वर्ष 2023-24 (अंतिम) के 290.86 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 2024-25 (अंतिम अनुमान) में 301.36 लाख हेक्टेयर हो गया है, यानी 10.50 लाख हेक्टेयर (3.61 प्रतिशत) की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। कुल बागवानी उत्पादन भी इसी अवधि में 3547.44 लाख टन से बढ़कर 3707.38 लाख टन पहुँच गया है, जो लगभग 159.94 लाख टन (4.51 प्रतिशत) की मजबूत वृद्धि को दर्शाता है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के अनुसार, वर्ष 2024-25 में फलों का उत्पादन 2023-24 के 1129.78 लाख टन की तुलना में 4.13 प्रतिशत बढ़कर 1176.49 लाख टन देखा गया है। यह वृद्धि मुख्य रूप से केला, आम, मंदारिन, पपीता, अमरूद, तरबूज और कटहल के उत्पादन में तेज़ी के कारण दर्ज की गई है। सब्ज़ियों का उत्पादन 2023-24 के 2072.08 लाख टन से 5.11 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 2177.97 लाख टन होने का अनुमान है.

### जयशंकर ने उर्सुला वॉन डेर लेयेन से मुलाकात की

**नई दिल्ली.** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने सोमवार को बेल्जियम में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से मुलाकात की और कहा कि उनका गत जनवरी में भारत का अत्यंत सफल राजकीय दौरा भारत-यूरोपीय संघ संबंधों में मील का पत्थर साबित हुआ है. डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारत उनके दौरे में हुई बातचीत का सक्रिय रूप से फॉलो-अप कर रहा है. उन्होंने समकालीन वैश्विक घटनाओं पर उनकी अंतर्दृष्टि की भी सराहना की. विदेश मंत्री दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर ब्रुसेल्स में हैं. उनकी यह यात्रा यूरोपीय संघ की उच्च प्रतिनिधि एवं उपाध्यक्ष, काजा कालास के निमंत्रण पर हो रही है.

# 8 सांसदों के निलंबन वापस लेने पर सहमति

**नई दिल्ली, 16 मार्च. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में सोमवार को हुई विभिन्न दलों के नेताओं की बैठक में निर्णय लिया गया कि आठ लोकसभा सांसदों का निलंबन मंगलवार को प्रश्नकाल के बाद वापस ले लिया जाएगा.**

लोकसभा सचिवालय के सूत्रों ने आज बताया कि श्री बिरला की अध्यक्षता में गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, एडवोकेट डीन कुरियाकोस, अमरींदर सिंह राजा वारिंग, बी. मणिकम टैगोर, डॉ. प्रशांत यदोराव पाडोले, चामला किरण कुमार रेड्डी और एस. वेंकटेशन जिन्हें संसदीय कार्य मंत्री द्वारा लाये गए एक प्रस्ताव पर 3 फरवरी से शुरू हुई सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया गया था, उनका निलंबन कल प्रश्न काल के बाद वापस लिया जाएगा. बैठक में यह भी सहमति बनी कि संसद की गरिमा और स्थापित परंपराओं का सभी द्वारा पालन किया जाएगा. यह भी निर्णय लिया कि कोई भी सदस्य वेल में दूसरी तरफ नहीं जाएगा, कागज फाड़कर आसन की ओर नहीं फेंकेगा, और अधिकारियों की मेज पर नहीं चढ़ेगा. इसके अलावा सभी सदस्य सदन की मर्यादा का पालन करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसी घटनाएँ भविष्य में दोबारा न हों. इस बीच लोकसभा सचिवालय ने सांसदों को संसद परिसर में मर्यादा बनाए रखने के संबंध में एक बुलेटिन जारी किया है. इसमें दिशानिर्देश 12ए(2)(3) का हवाला दिया गया है, जो संसद परिसर के क्षेत्र और मार्ग को सांसदों के लिए खुला और बाधारहित बनाए रखने के लिए कुछ गतिविधियों पर रोक लगाता है. बुलेटिन में विशेष रूप से कहा गया है कि परिसर में हथियार, झंडे, पोस्टर, लाठी, भाला, तलवार, डंडे और ईंट आदि ले जाना निषिद्ध है. सांसदों को बार-बार निर्देश दिया गया है कि वे पोस्टर, प्लैकार्ड या बैनर न लाएँ और न प्रदर्शित करें. इसके अलावा बुलेटिन में कहा गया है कि कुछ मामलों में पोस्टर और प्लैकार्ड पर ईआई -जनित आपत्तिजनक चित्र, तस्वीरें और नारे प्रदर्शित किए गए हैं. सांसदों को एक बार फिर निर्देश दिया गया है कि वे दिशानिर्देश 124(2)(3) और अन्य प्रासंगिक नियमों का कड़ाई से पालन करें ताकि किसी भी उल्लंघन की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचा जा सके.